- **रेडियो –**

यह ऐसा साधन है जो सभी विद्यालयों में उपलब्ध हो सकता है, रेडियो द्वारा संस्कृत भाषण वार्तालाप रूपक गीत आदि की शैली से छात्र परिचित होते हैं तथा उनकी दक्षता बढ़ती है, रेडियो द्वारा शैक्षिक पाठकों का प्रसारण किया जा सकता है, **रेडियो प्रसारण कक्षा में शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक तथा कम खर्चीला है।**

इस PDF का Teaching वीडियो देखने के लिए यहां क्लिक करें

श्रव्य साधन

- *इनसे केवल सुना ही जा सकता है।*

• रेडियो, टेपरिकार्डर, ग्रामोफ़ोन / लिंग्वाफोन :

- **टेपरिकार्डर -** *यह एक ऐसा उपकरण है जिसमें ध्वनि को किसी भी समय भर कर पुनः सुन सकते हैं। पठन, उच्चारण, भाषण आदि के आदर्श रूप इसके द्वारा कक्षा में प्रयुक्त किए जाते हैं जिसे सुनकर बालक अनुकरण करते हैं। किसी जटिल पाठ को अध्यापक द्वारा पढ़ाए जाते वक्त टेप द्वारा रिकॉर्ड किया जा सकता है जिसे पुनः सुनकर अच्छी तरह कंठस्थ किया जा सकता है।* ***सेमिनार, वार्ता, गोष्ठी, वाद-विवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी रिकॉर्ड करके दोबारा सुना जा सकता है इससे अधिगम स्थाई हो जाता है।***

अधिगम-साधनानि
Sky Educare

श्रव्य साधन

- *इनसे केवल सुना ही जा सकता है।*

• रेडियो, टेपरिकार्डर, ग्रामोफ़ोन / लिंग्वाफोन :

- **ग्रामोफ़ोन / लिंग्वाफोन :** *ग्रामोफोन तथा लिंग्वाफोन रेडियो की भांति शिक्षण का महत्वपूर्ण उपकरण है ।*

दृश्य साधन

- दृश्य का अर्थ है, देखने योग्य।

- श्यामपट्ट
- पाठ्यपुस्तक
- चित्र
- चार्ट
- ग्राफ
- मानचित्र
- प्रतिरूप
- पोस्टर

- यह अध्यापक का **विश्वसनीय मित्र कहलाता** है। यह शिक्षण को सरल एवं प्रभावी बनाता है। इसका प्रयोग मुख्यतः विषय वस्तु को स्पष्ट करने तथा गृह कार्य देने हेतु किया जाता है। श्यामपट्ट उपयोग की सफलता अध्यापक पर निर्भर करती है। आजकल इंक बोर्ड भी आने लगे हैं जो श्यामपट्ट की जगह ले रहे हैं।

दृश्य साधन

अधिगम-साधनानि

Sky Educare

- दृश्य का अर्थ है, देखने योग्य।

- श्यामपट्ट
- पाठ्यपुस्तक
- चित्र
- चार्ट
- ग्राफ
- मानचित्र
- प्रतिरूप
- पोस्टर

- पाठ्य पुस्तक कक्षा शिक्षण का एक महत्वपूर्ण अंग है।
- यह ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ छात्रों में विषय वस्तु के प्रति रुचि उत्पन्न करती हैं। पाठ्यपुस्तक के द्वारा शिक्षार्थी पढ़ाई गए पाठ का अभ्यास करते हैं।
- ज्ञान को व्यवस्थित करने में छात्रों के मार्गदर्शन के लिए, पढे हुए पाठ का स्मरण करने के लिए एवं कक्षा शिक्षण के दोष दूर करने के लिए इसका उपयोग होता है।

दृश्य साधन

- दृश्य का अर्थ है, देखने योग्य।

- श्यामपट्ट
- पाठ्यपुस्तक
- चित्र
- चार्ट
- ग्राफ
- मानचित्र
- प्रतिरूप
- पोस्टर

- विषय वस्तु से संबंधित चित्र दिखाकर पाठ को रोचक एवं बालकों के लिए सरल बनाया जा सकता है, इसमें किले भवन कला समार्क वस्तुओं के चित्र एवं आदर्श पुरुषों के चित्र भी शामिल हो सकते हैं चित्र बालकों की जिज्ञासा एवं कल्पना शक्ति को बढ़ाने में मदद करते हैं।

दृश्य साधन

अधिगम-साधनानि

- दृश्य का अर्थ है, देखने योग्य।

Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

- श्यामपट्ट
- पाठ्यपुस्तक
- चित्र
- चार्ट
- ग्राफ
- मानचित्र
- प्रतिरूप
- पोस्टर

- विषय वस्तु में तुलनात्मक अध्ययन में चार्ट का उपयोग करना चाहिए।

इस PDF का Teaching वीडियो देखने के लिए यहां क्लिक करें

दृश्य साधन

- दृश्य का अर्थ है, देखने योग्य।

- श्यामपट्ट
- पाठ्यपुस्तक
- चित्र
- चार्ट
- **ग्राफ**
- मानचित्र
- प्रतिरूप
- पोस्टर

- ग्राफ के माध्यम से विभिन्न विषयों के तथ्यों का विवरण प्रस्तुत किया जा सकता है ग्राफ का उपयोग प्रायः गणित विज्ञान भूगोल अर्थशास्त्र आदि विषयों में अधिक किया जाता है।

दृश्य साधन

अधिगम-साधनानि

Sky Educare
www.skyeducare.com

- दृश्य का अर्थ है, देखने योग्य।

- श्यामपट्ट
- पाठ्यपुस्तक
- चित्र
- चार्ट
- ग्राफ
- **मानचित्र**
- प्रतिरूप
- पोस्टर

- भाषा शिक्षण में यदि शिक्षक को किसी भौगोलिक या ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को विषय वस्तु से जोड़कर स्पष्ट करना हो तो वहां शिक्षक को मानचित्र की सहायता लेनी चाहिए।

Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

दृश्य साधन

- दृश्य का अर्थ है, देखने योग्य।

- श्यामपट्ट
- पाठ्यपुस्तक
- चित्र
- चार्ट
- ग्राफ
- मानचित्र
- **प्रतिरूप (Model)**
- पोस्टर

- प्रतिरूप या प्रतिमान किसी वस्तु की उपयुक्त एवं सुविधाजनक दृष्टि से की गई नकल होती है। आकार में बड़े होने तथा दूर होने के कारण कई वस्तुओं, स्थलों का कक्षा कक्ष में प्रदर्शन संभव नहीं है। अतः उसके प्रतिरूप पदार्थ अर्थात् एक जैसे दिखने वाले आकार में छोटे प्रतिमान को कक्षा में छात्रों के सामने प्रस्तुत किया जाता है। जैसे- इंडिया गेट, कुतुब मीनार, ताज महल।

अधिगम-साधनानि

Sky Educare

दृश्य साधन

- दृश्य का अर्थ है, देखने योग्य।

- श्यामपट्ट
- पाठ्यपुस्तक
- चित्र
- चार्ट
- ग्राफ
- मानचित्र
- प्रतिरूप
- **पोस्टर**

- विभिन्न व्यक्तियों स्थानों घटनाओं तथा वस्तुओं से संबंधित पोस्टर भी एक उपयोगी सहायक सामग्री है।
- पोस्टर किसी एक ही विचार को केंद्र बिंदु मानकर तैयार किए जाते हैं।

Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

दृश्य श्रव्य साधन

- ✓ टेलीविजन
- ✓ कम्प्यूटर
- ✓ चलचित्र
- ✓ नाटक
- ✓ **स्मार्टफोन**

- संस्कृत भाषा से संबंधित बहुत सारे कार्यक्रम आजकल टेलीविजन
- के माध्यम से प्रसारण किए जाते हैं, विषय वस्तु पर आधारित कार्यक्रमों द्वारा विद्यार्थी विषय का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।
- टेलीविजन का प्रयोग रेडियो के स्थान पर भी किया जा सकता है इसके द्वारा हाव भाव के साथ बोलना बातचीत करना भाषण देना कविता पाठ करना अभिनय करना भी सिखाया जा सकता है। ज्ञानवर्धक फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जा सकता है।
- संस्कृत समाचारों के प्रसारण द्वारा पूरी दुनिया की खबरों की जानकारी घर बैठे प्राप्त की जा सकती है साथ ही समाचारों से संबंधित चल चित्रों का प्रसारण भी होता है जो की स्मृति को स्थाई बनाता है।

SONY

दृश्य श्रव्य साधन

अधिगम-साधनानि

Sky Educare
www.skyeducare.com

Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

- ✓ टेलीविजन
- ✓ कम्प्यूटर
- ✓ चलचित्र
- ✓ नाटक
- ✓ **स्मार्टफोन**

- संस्कृत शिक्षण में कंप्यूटर में हेल्पलाइन प्रयोग की जा सकती है दिल्ली में 'गुरु' तथा पूना में 'लीला' नामक कार्यक्रम का निर्माण हुआ है जो कि सभी भाषाओं में प्रयुक्त किया जा सकता है।
- व्याकरण शिक्षण में कंप्यूटर का उपयोग हो सकता है, जैसे - उच्चारण स्थानों को पढ़ाने के लिए चित्रों द्वारा उच्चारण स्थानों का प्रदर्शन, संधि पढ़ाते समय तालिका प्रदर्शन करने के लिए....
- शिक्षण में कंप्यूटर का उपयोग कर उसे रोचक बनाया जा सकता है।
- महाकाव्य एवं संस्कृत नाटकों पर आधारित लघु चित्र कथाओं के माध्यम से पाठ का प्रस्तुतीकरण किया जा सकता है।

इस PDF का Teaching वीडियो देखने के लिए यहां क्लिक करें

दृश्य श्रव्य साधन

- ✓ टेलीविजन
- ✓ कम्प्यूटर
- ✓ **चलचित्र**
- ✓ नाटक
- ✓ स्मार्टफोन

- चल चित्र (Movies)
- बालकों को महापुरुषों के जीवन पर आधारित एवं देशभक्ति फिल्में भी दिखाई जा सकती हैं जो बालकों के लिए उपयोगी एवं चरित्र निर्माण वाली हैं।
- बालकों को वास्तविक जीवन के चलचित्र, समाचार आदि दिखाये जा सकते हैं चलचित्र के माध्यम से बालकों को संवाद कौशल का ज्ञान एवं नाटक के तत्वों का परिचय कराया जा सकता है।

दृश्य श्रव्य साधन

अधिगम-साधनानि

Sky Educare

इस PDF का Teaching वीडियो देखने के लिए यहां क्लिक करें

- ✓ टेलीविजन
- ✓ कम्प्यूटर
- ✓ चलचित्र
- ✓ **नाटक**
- ✓ स्मार्टफोन

- नाटक छात्रों के हृदय में रसानुभूति के साथ साथ संस्कृति तथा संस्कारों का भी ज्ञान कराता है। नाटक में श्रव्य काव्य से अधिक रमणीयता होती है । नाटक विषय वस्तु का अभिनय के द्वारा सजीव चित्रण किया जा सकता है।

दृश्य श्रव्य साधन

- ✓ टेलीविजन
- ✓ कम्प्यूटर
- ✓ चलचित्र
- ✓ नाटक
- ✓ **स्मार्टफोन**

- *शिक्षा में नया आयाम मोबाइल टेक्नोलॉजी जोड़ रही है।*
- *अब स्मार्टफोन का जमाना है, जिसका बहुआयामी उपयोग पढ़ने-लिखने और सीखने के तौर-तरीके को भी बदल रहा है. किस तरह से स्मार्टफोन इन कार्यो को अंजाम देता है, एक अध्ययन में पाया गया कि स्मार्टफोन पर पढ़ाई करने से विद्यार्थियों को खुद पढ़ाई करने में मदद मिलती है उन्हें अवधारणाओं को समझने तथा अध्याय को जल्दी खत्म करने में सक्षम बनाती है अतः इसका प्रयोग करके बच्चों के परिणाम सुधारे जा सकते हैं।*

शिक्षण सहायक सामग्री का महत्व

- *शिक्षण सहायक सामग्रियों से अभिप्रेरणा मिलती है।*
- *ये कठिन से कठिन विषय-वस्तु को सरल, स्पष्ट, रुचिकर एवं सार्थक बना देती है।*
- *ये पठन-पाठन में नवीनता लाती है।*
- *इनके प्रयोग से समय और शक्ति की बचत होती है।*
- *ये रटने की प्रवृत्ति को कम करती है।*
- *ये विद्यार्थियों को पुनर्बलन प्रदान करती हैं।*
- *ये विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं।*
- *ये कक्षा में अनुशासन बनाये रखती हैं क्योंकि ये बच्चों में रुचि पैदा करती है।*

21 संस्कृत शिक्षण विधियाँ

सम्प्रेषण साधन

निःशुल्क PDF

- Sk Katariya
Sky Educare

सम्प्रेषण

- ***संप्रेषण का अर्थ –***
- ***संप्रेषण शिक्षा की रीढ़ की हड्डी है।*** *बिना सम्प्रेषण के अधिगम और शिक्षण नहीं हो सकता। संप्रेषण दो शब्दों से मिलकर बना हुआ है। सम + प्रेषण अर्थात* ***समान*** *रूप से भेजा गया। संप्रेषण को अंग्रेजी में कम्युनिकेशन कहते हैं।* ***कम्युनिकेशन*** *शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के* ***कम्युनिस*** *शब्द से हुई है। जिसका अर्थ होता है* ***सामान्य*** *बनाना अर्थात संप्रेषण का अर्थ सूचना तथा विचारों का आदान प्रदान करना।*

सम्प्रेषण

➢ ***ई.जी.मेयर के अनुसार संप्रेषण की परिभाषा -***

"संप्रेषण से तात्पर्य एक व्यक्ति के विचारों तथा शक्तियों से दूसरे व्यक्तियों को परिचित कराने से है।"

➢ ***लुईस ए.एलन के अनुसार संप्रेषण की परिभाषा -***

"संप्रेषण अर्थों का एक पूल है।जिसमें कहने सुनने तथा समझने की व्यवस्थित तथा सतत प्रक्रिया रहती है।"

➢संप्रेषण के मुख्यतः दो प्रकार होते हैं।

- ***शाब्दिक संप्रेषण***

  शाब्दिक संप्रेषण में सदैव भाषा का प्रयोग किया जाता है। शाब्दिक संप्रेषण दो प्रकार का होता है।

  - **मौखिक संप्रेषण**
  - **लिखित संप्रेषण**

- ***अशाब्दिक संप्रेषण***

  वाणी या ध्वनि संकेत संप्रेषण

प्रमुख-सम्प्रेषण-साधनानि -

1. मुद्रित साधन-

2. अमुद्रित साधन -

प्रमुख-सम्प्रेषण-साधनानि -

1. मुद्रित साधन-

- *स्व-अनुदेशित सामग्री, अन्य मुद्रित सामग्री जैसे - समाचार पत्र, शोध, बुक, वर्क - बुक, शब्दकोश, एनसाइक्लोपीडिया, एटलस ।*

विश्वज्ञानकोश, विश्वकोश या ज्ञानकोश (अंग्रेज़ी: Encyclopaedia) ऐसी पुस्तक को कहते हैं जिसमें विश्वभर की तरह तरह की जानने लायक बातों को समावेश होता है।

प्रमुख-सम्प्रेषण-साधनानि -

2. अमुद्रित साधन -

1. **दृश्य साधन** - *श्यामपट्ट, प्रोजेक्टर*
2. **श्रव्य साधन** - *रेडियो, टेपरिकार्डर, ग्रामोफ़ोन / लिंग्वाफोन*
3. **दृश्य श्रव्य साधन** - *टेलीविजन, कम्प्यूटर, चलचित्र, नाटक, स्मार्टफोन।*

Sky Educare

संप्रेषण की बाधाएं और समस्याएं

1 . **भौतिक असुविधाएँ** - *वातावरण , शोर , खराब स्वास्थ्य एवं ध्यान केन्द्रित नहीं होना ।*

2 . **भाषा सम्बन्धी बाधाएँ** - *गलत उच्चारण , अस्पष्ट शब्द , अनावश्यक शब्द आदि ।*

3 . **मनोवैज्ञानिक बाधाएँ** - *आवश्यकता से अधिक चिन्ता, पूर्वाग्रह से पीड़ित होना, अलाभकारी अनुभव, अपूर्ण जिज्ञासाएँ ।*

4 . **पृष्ठ भूमि से सम्बन्धित बाधाएँ** - *कार्य से पूर्व वातावरण सम्बन्धी बाधाएँ , अधिगम से पूर्व बाधाएँ , सांस्कृतिक भेदभाव आदि ।*

Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

इस PDF का Teaching वीडियो देखने के लिए यहां क्लिक करें

पाठ्य-पुस्तक

- पाठ्य पुस्तक से अभिप्राय उस पुस्तक से है जो शैक्षिणिक संस्थान द्वारा किसी कक्षा के लिए या किसी विशेष कोर्स के लिए पढ़ाई हेतु निर्धारित की गई, ऐसी पुस्तक जिसमें पाठ्यक्रम के अनुसार विषयों तथा जानकारी को छापा गया हो, पाठ्य पुस्तक कहलाती है। इन पुस्तकों के आधार पर परीक्षा करवाई जाती है, जिसमें उत्तीर्ण होने के पश्चात ही विद्यार्थी को अगली कक्षा में भेजा जाता है।

- पाठ्य पुस्तकों का निर्धारण परीक्षा समिति द्वारा जांच कर ही किया जाता है तथा अधिकृत प्रकाशकों को ही इन पुस्तकों के प्रकाशन का कार्यभार सौंपा जाता है।

- विद्यार्थी अन्य पुस्तकों से मदद तो ले सकते हैं परन्तु उन्हें पाठ्य पुस्तक में दिए गए पाठ्यक्रम के आधार पर ही पढ़ाई करनी होती है।

पाठ्य-पुस्तक

- ***पाठ्य पुस्तक शब्द का प्रयायवाची है: अध्ययन पुस्तक।***
- पाठ्य पुस्तक को ***अंग्रेजी में टेक्स्ट बुक*** कहा जाता है।
- पाठ्यपुस्तक सर्वाधिक सुलभ शिक्षण साधन है, हमारी संपूर्ण शिक्षण व्यवस्था पाठ्यपुस्तक पर ही आधारित है।

पाठ्य-पुस्तक का महत्त्व

- पाठ्य-पुस्तक कक्षा, विद्यार्थी एवं शिक्षक सभी के लिए उपयोगी है तथा एक मार्गदर्शक का कार्य करती है ।
- मनोरंजन, आत्मविश्वास, भाषा पर अधिकार तथा स्वाध्या , पाठ्य - पुस्तक के द्वारा ही सम्भव है ।
- पाठ्य-पुस्तक प्राप्त ज्ञान के स्थायीकरण के लिए अत्यन्त आवश्यक है ।
- पाठ्य-पुस्तक द्वारा गृहकार्य की समुचित व्यवस्था होती है ।
- पाठ्य-पुस्तक से पाठ को पढ़ने में सहायता मिलती है ।
- पाठ्य-पुस्तक से सूचनाओं का एक ही स्थान में संग्रह होता है ।
- पाठ्य-पुस्तक ज्ञान प्राप्ति का सशक्त साधन है ।

पाठ्य-पुस्तक के गुण -

- यह आवश्यक है कि विद्यार्थी कक्षा में बतायी गयी बात को घर पर जाकर पुनरावृत्ति कर लें , पुनरावृत्ति का कार्य **बिना पाठ्य पुस्तक के असम्भव** है ।
- पाठ्य-पुस्तक के द्वारा विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार मानसिक विकास करता है ।
- विद्यार्थियों को कम मूल्य पर सभी आवश्यक एवं महत्त्वपूर्ण तथ्य एवं सूचनाएँ एक ही पुस्तक में मिल जाती हैं।
- सभी शिक्षक मौखिक शिक्षण में निपुण नहीं हो सकते ।
- सामान्य बुद्धि के शिक्षक के लिए पाठ्य - पुस्तक की सहायता लेना बहुत ही आवश्यक है ।
- मौन पठन का अभ्यास भी पाठ्य - पुस्तकों द्वारा ही होता है ।

पाठ्य-पुस्तक के दोष -

1. पाठ्य - पुस्तकें पढ़कर विद्यार्थी अपना निर्णय निर्धारित करने में असमर्थ रहते हैं ।
2. सभी लेखकों को पाठ्य - पुस्तक में विषय , पाठ्यक्रम के अनुसार निर्धारित करना पड़ता है, जिससे विद्यार्थियों की रुचि की उपेक्षा होती है ।
3. पाठ्य - पुस्तकों के द्वारा विद्यार्थी जीवन की विभिन्न समस्याओं को जानने की क्षमता अपने अन्दर उत्पन्न नहीं कर पाते हैं ।
4. आधुनिक पाठ्य-पुस्तकें विद्यार्थियों के ज्ञान विस्तार के लिए न लिखी जाकर व्यापारिक दृष्टि से लिखी जाती हैं । उनमें सस्ता कागज दिया जाता है तथा छपाई भी विद्यार्थियों की मानसिक आयु के अनुरूप नहीं होती है, तब पाठ्य - पुस्तक व्यापारिक बन जाता है

पाठ्य-पुस्तक की उपयोगिता -

1. पाठ्य-पुस्तक अध्यापक एवं छात्र दोनों का समय बचाती है ।
2. पाठ्य - पुस्तकों के माध्यम से छात्र घर पर भी अध्ययन कर सकते हैं और गृहकार्य करने में भी वे सहायता प्राप्त कर सकते हैं ।
3. पाठ्य - पुस्तकों की सहायता से एक साथ बहुत से छात्रों को पढ़ाया जा सकता है ।
4. पाठ्य - पुस्तकें अध्यापक को कक्षा में आने से पूर्व पाठ की तैयारी करने का अवसर देती हैं ।
5. प्रत्येक अध्यापक मौखिक शिक्षण में निपुण नहीं हो सकता । सामान्य बुद्धि के अध्यापक के लिए पाठ्य - पुस्तकों का सहयोग आवश्यक होता है ।
6. मौन अध्ययन का अभ्यास पाठ्य - पुस्तकों द्वारा ही कराया जा सकता है ।

पाठ्य-पुस्तक के चयन के लिए सावधानियाँ

1. पुस्तक का लेखक – पाठ्य-पुस्तक के चयन में सबसे पहले यह देखना चाहिए कि पुस्तक का लेखक योग्य, अनुभवी तथा उस विषय पर पूर्ण अधिकार प्राप्त है अथवा नहीं । कभी - कभी जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों के लिए ऐसी पुस्तकों को लिख देते हैं जो कि शिक्षा मनोविज्ञान से पूरी तरह अपरिचित होते हैं । इसलिए पुस्तक लेखक को केवल विज्ञान ही नहीं , बल्कि शिक्षा मनोविज्ञान से भी परिचित होना चाहिए ।

2. पाठ्य वस्तु की जाँच -

I. पाठ्य - पुस्तक में जो कुछ भी विषय रखा जाए उसका व्यक्ति के जीवन की विभिन्न क्रियाओं से सम्बन्ध होना चाहिए ।

II. पाठ्य - वस्तु सरल तथा विभिन्न रुचियों वाली हो । किसी एक बात पर अथवा सिद्धान्त पर आवश्यकता से अधिक जोर देना उचित नहीं है । पाठ्य - पुस्तकों में विभिन्न रुचियों को सम्मिलित करना चाहिए ।

III. पाठ्य - वस्तु की व्यवस्था इस प्रकार करनी चाहिए कि पाठों एवं प्रकरणों का परस्पर सम्बन्ध न टूटे ।

(iv) पाठ्य-पुस्तक कितनी ही मूल्यवान क्यों न हो यदि वह सुव्यवस्थित नहीं होगी तो उसका सरलतापूर्वक पढ़ना तथा समझना कठिन होगा । इसलिए सामग्री को पाठों इकाइयों तथा सोपानों में विभाजित कर लेना चाहिए ।

(v) पाठ्य-वस्तु में विषयों को इस प्रकार रखा जाए कि विद्यार्थियों का नैतिक चारित्रिक विकास हो ।

(vi) पाठ्य - पुस्तक में पाठ्य सामग्री छात्रों की योग्यता तथा मानसिक आयु के अनुसार ही निर्धारित की जानी चाहिए ।

Sky Educare

- ***विषय वस्तु*** *- विषय वस्तु स्तर के अनुसार विभिन्न विषयों से संबंधित प्रकरणों के समुचित क्रम युक्त होनी चाहिए। पाठों का क्रम सरल से कठिन की ओर होना चाहिए, विषय वस्तु का अनुपात या मात्रा इतनी हो कि शिक्षण सत्र में आसानी से पूरी हो जाए।*
- *पाठ्य पुस्तक में* ***गद्य-पद्य, नाटक, कथा*** *आदि सभी विषयों के पाठों का संकलन उचित अनुपात में होना चाहिए।*
- *पाठ्यपुस्तक की भाषा स्पष्ट शुद्ध व सुबोध हो। नवीन शब्दों का परिचय समाहित हो।*
- ***पाठ्यपुस्तक की लेखन शैली*** *अनुकूल होनी चाहिए, उच्च स्तर पर वर्णनात्मक या भाव प्रधान शैली तथा निम्न स्तर पर कथात्मक या संवादात्मक शैली होनी चाहिए, विभिन्न शैलियों का यथाक्रम संतुलित प्रयोग के साथ ही विविधता होनी चाहिए।*
- ***पुस्तक की भीतरी सजावट*** *- पुस्तक की भीतरी सजावट का विशेष ध्यान रखना चाहिए । मुख्य एवं कठिन तथ्यों को सरल तथा स्पष्ट बनाने के लिए चित्रों तथा उदाहरणों का आवश्यकता के अनुसार प्रयोग किया जाना चाहिए । छोटी कक्षा के छात्रों के लिए पुस्तकों में रंगीन आकर्षक चित्रों का संकलन होना चाहिए ।*
- ***पुस्तक की छपाई*** *– पाठ्य-पुस्तकों का मुद्रण छात्रों की आयु के अनुसार किया जाना चाहिए । छोटी कक्षा के छात्रों के लिए निर्धारित की जाने वाली पुस्तकों का मुद्रण ठीक होना चाहिए ।*

Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

- परिभाषा • विशेषताएं • महत्व
- उद्देश्य • मूल्यांकन के प्रकार
- मापन एवं मूल्यांकन में अंतर

- Sk Katariya
Sky Educare

मूल्यांकन की परिभाषा :-

➤ ***मूल्यांकन का शाब्दिक अर्थ :*** *'मूल्य का अंकन करना या मूल्य का निर्धारण करना'* ।

➤ *जैरोली मेक के अनुसार मूल्यांकन की परिभाषा - "मूल्यांकन वह पद्धति है जिसके द्वारा हम पूर्व निर्धारित उद्देश्यों, ध्येयों तथा लक्ष्यों की प्राप्ति की मात्रा को निर्धारित करते हैं , यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा शिक्षण में मूल्यों तथा उद्देश्यों के मध्य तुलना की जाती है। "*

➤ *मूल्य निर्धारण में छात्र को बताया जाता है कि उसके अंको के आधार पर सभी छात्रों के मध्य उसका रैंक (Rank) कहां पर है।* ***अतः मूल्यांकन के अंतर्गत छात्र व्यवहार का परिमाणात्मक तथा गुणात्मक व्यवहार का अध्ययन एवं उसके मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया मूल्यांकन कहलाती है।***

➤ ***संक्षेप में हम कह सकते हैं की 'शिक्षा में उद्देश्यों की कितनी पूर्ति हुई है यह जानना ही मूल्यांकन है।***

मूल्यांकन की परिभाषा :-

➢ ***संस्कृत भाषा शिक्षण के संदर्भ में*** *मूल्यांकन से तात्पर्य भाषा अध्यापक की शिक्षण संबंधी क्रियाओं और इन क्रियाओं के परिणाम स्वरूप छात्रों की उपलब्धियों का मापन करने और उसके आधार पर उनकी सापेक्षिक स्थिति स्पष्ट करने की प्रक्रिया से होता है।*

प्रभावी मूल्यांकन की विशेषताएं :-

Sky Educare www.skyeducare.com

➢ ***वैधता (Validity):*** *जिस उद्देश्य का मूल्यांकन करना हो उस उद्देश्य का मूल्यांकन हो जाता है तो उन साधनों, उपकरणों को वैध का जाता है।*

➢ ***विश्वसनीयता (Reliability):*** *विश्वसनीयता का अर्थ है विश्वास के पात्र अर्थात जब अंको का बदलाव न हो दोबारा से चेक करने पर भी अंक समान रहे वस्तुनिष्ट प्रश्न विश्वसनीय होते हैं। निबंधात्मक प्रश्न विश्वसनीय नहीं होते।*

➢ ***वस्तुनिष्ठता Objectivity):*** *मूल्यांकन पक्षपात रहित होता है। उत्तर के लिखित आधार पर ही मूल्यांकन होता है ना की परीक्षा की दृष्टि के आधार पर होता है। वस्तुनिष्ठता में प्रश्न का अर्थ स्पष्ट होता है उसमें कोई भी भ्रांति नहीं होती है।*

Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

प्रभावी मूल्यांकन की विशेषताएं :-

- ***व्यापकता (Comprehensiveness):*** *मूल्यांकन का क्षेत्र व्यापक होता है अर्थात गहराई में मूल्यांकन करते समय किसी भी विषय की गहराई से प्रश्न पूछना आवश्यक है।*
- ***उपयोगिता (Usefulness):*** *अच्छा मूल्यांकन हमेशा जीवन के लिए उपयोगी होता है। यह व्यवहारिक होता है तो प्रशिक्षण एवं जीवन में उपयोग किया जा सकता है।*
- ***विभेदीकरण (Differentiation):*** *मूल्यांकन में बच्चो में विभेद कर सकने की क्षमता होनी चाहिए जिससे की मूल्यांकन की निष्पक्षता बनी रहे।*

- *छात्रों को **अध्ययन की ओर अग्रसित** करता है।*
- *छात्रों के **व्यक्तिगत मार्गदर्शन** में सहायता करता है।*
- *शिक्षण के **उद्देश्यों की प्राप्ति** में सहायक है।*
- *बच्चों की **कमजोरियों को जानने** में सहायक होता है।*
- *शैक्षिक व **व्यवसायिक मार्गदर्शन** में सहायक है।*

मूल्यांकन के उद्देश्य:-

- बच्चों में अपेक्षित **व्यवहार एवं आचरण परिवर्तन की जांच करना।**
- यह जांचना कि बच्चों ने कुशलताओं, योग्यता, आदि को कितना ग्रहण किया है।
- बालकों की सभी कठिनाइयों का निर्धारण करने तथा दोषो को जानना।
- उपचारात्मक शिक्षण प्रदान करना।
- बालकों के चहुमुखी विकास को निरंतर गति प्रदान करना।
- इससे अध्ययन और अध्यापन दोनों का मापन कर सकते हैं।
- मूल्यांकन द्वारा प्रयोजन, शिक्षण विधियों की उपयोगिता एवं विद्यालय की समस्त क्रियाओं का अंकन करना।

मापन एवं मूल्यांकन में अंतर :-

• मापन	• मूल्यांकन
• मापन का कार्य केवल **अंक प्रदान करना** ही है।	• मूल्यांकन में **अंक प्रदान करने के पश्चात मूल्यों का निर्धारण** भी किया जाता है।
• मापन का अर्थ **वस्तु की मात्रा** से है।	• मूल्यांकन का अर्थ उस **वस्तु के मूल्य** से है।
• किसी एक गुण या चर का मापन	• मूल्यांकन का क्षेत्र व्यापक होता है
• मापन में निश्चित धारणा नहीं बनाई जा सकते हैं।	• मूल्यांकन में कई परीक्षणों के आधार पर बालक के विषय में धारणा बनाए जा सकते हैं।
• समय, धन, श्रम कम लगता है	• मूल्यांकन में समय श्रम तथा धन अधिक तकता है
• मापन में सार्थक भविष्यवाणी संभव नहीं है	• मूल्यांकन में सार्थक भविष्यवाणी संभव है
• मापन का ज्ञान अपूर्ण है	• मूल्यांकन का ज्ञान पूर्ण है
• मापन मूल्यांकन से पहले होता है	• मूल्यांकन मापन के बाद होता है
• मापन के लिए उद्देश्य जानना आवश्यक नहीं।	• मूल्यांकन उद्देश्य आधारित होता है।

मूल्यांकन के प्रकार :-

१. पाठांतर्गत मूल्यांकन
शिक्षण के साथ-साथ

1. उच्चारण
2. वाक्य प्रयोग
3. बोध प्रश्न

२. पाठोपरांत मूल्यांकन
शिक्षण के बाद पश्चात्

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न
2. लघुतरात्मक प्रश्न
3. निबंधात्मक प्रश्न

संस्कृत शिक्षण विधियाँ

• मौखिक-लिखितप्रश्नानां प्रकारा:

मूल्याङ्कनम्

24

- Sk Katariya

मूल्यांकन की प्रविधियाँ

विद्यालयों में प्रयुक्त की जाने वाली सभी मूल्यांकन प्रविधियों को प्रमुख रूप से दो वर्गों में विभाजित किया जाता है -

1. परिमाणात्मक प्रविधियाँ

1. मौखिक परीक्षा
2. लिखित परीक्षा
3. प्रायोगिक परीक्षा

1. वस्तुनिष्ठ 2. निबंधात्मक

2. गुणात्मक प्रविधियाँ

1. जाँच की सूची और स्तर माप
2. अवलोकन या निरीक्षण
3. घटनावृत्त
4. साक्षात्कार

1. परिमाणात्मक प्रविधियाँ

- मूल्यांकन में इस प्रकार की प्रविधियाँ अधिक उपयोगी, विश्वसनीय तथा वैध होती है। ये तीन प्रकार की होती है।

1. मौखिक परीक्षा
2. लिखित परीक्षा
3. प्रायोगिक परीक्षा

मौखिक परीक्षा

- छात्र के ज्ञान के मूल्यांकन की यह विधि मुख्यतः व्यक्तिगत होती मतलब छात्र को अकेले बुलाकर उससे प्रश्न पूंछे जाते हैं। यह मूल्यांकन की **प्राचीन** और **परंपरागत** विधि है।
- **इसमें छात्र से मौखिक रूप से प्रश्न करके उसके ज्ञान, अभिव्यक्ति की क्षमता और उसके आत्मविश्वास को परखा जाता है।**
- मौखिक प्रश्न पूछते समय कुछ बातों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए-

1.लम्बे उत्तरों वाले प्रश्नों को नहीं पूछना चाहिए
2.प्रश्न में द्विअर्थी शब्दों का प्रयोग करने से बचना चाहिए
3.छात्रों को उत्तर देते समय, बीच में नहीं टोकना चाहिए
4.लम्बी शब्दावली वाले प्रश्नों से बचना चाहिए

मौखिक परीक्षा के भेद -

Sky Educare

1. **शलाका परीक्षा** – *इसमें परीक्षण करता शलाका की सहायता से किसी पृष्ठ से प्रश्न या पंक्ति को पूछता है , छात्र मौखिक ही तुरंत उत्तर प्रदान करता है। इसका उद्देश्य छात्र की चिंतन मनन शक्ति का विकास समरण शक्ति का विकास एकाग्रता स्थापना हेतु किया जाता है।*
2. **शास्त्रार्थ** - ***किसी विषय पर तर्क वितर्क करके निर्णय करना शास्त्रार्थ है। प्राचीन समय में आचार्य शिष्यों की परीक्षा हेतु ग्रंथ के किसी भी समस्या को प्रस्तुत कर छात्रों को अपने अपने विचार प्रस्तुत करने हेतु प्रेरित करते थे।***
3. **साक्षात्कार** - *साक्षात विषय वस्तु और विषय वस्तु की पृष्ठभूमि से संबंधित अवधारणात्मक तथा तथ्यात्मक प्रश्न पूछना ही साक्षात्कार है।*
4. **भाषण** - *परीक्षक छात्रों के समक्ष पूर्व निर्धारित विषय को प्रस्तुत करके उसे संक्षिप्त रूप से बोलने के लिए कहता है। भाषण छात्रों के भाषण कौशल परीक्षण हेतु उपयोगी है।*
5. **अंताक्षरी** - *अंताक्षरी के द्वारा परीक्षण (शब्दान्ताक्षरी एवं श्लोकांताक्षरी)*

Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

Sky Educare

लिखित परीक्षा

- इसमें छात्रों के परीक्षण हेतु प्रश्न लिखित रूप में दिए जाते हैं तथा छात्र प्रश्नों के उत्तर भी लिखित रूप में ही देते हैं। **इसका उद्देश्य छात्रों के लेखन कौशल का परीक्षण करना होता है।**

- **लिखित परीक्षा दो प्रकार की होती है -**

1. वस्तुनिष्ठ

2. निबंधात्मक

Sky Educare

लिखित परीक्षा

1. वस्तुनिष्ठ -

इस परीक्षा में निश्चित उत्तर वाले प्रश्नों को समाहित किया जाता है। ***अतः इस परीक्षा को अधिक विश्वसनीय वैध व व्यवहारिक माना गया है।*** *इस परीक्षा में कम समय में छात्रों का परीक्षण किया जा सकता है। विश्वसनीय परिणाम मिलते हैं। ज्ञान को स्थायित्व मिलता है* ***लेकिन - इस तरह के परीक्षण में लेखन शैली, निरीक्षण शक्ति व कल्पना शक्ति का परीक्षण संभव नहीं है।***

वस्तुनिष्ठ के भेद

Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

लिखित परीक्षा

1) वस्तुनिष्ठ

I. **अभिज्ञानात्मक प्रश्न** - अभिज्ञानात्मक प्रश्न में वे प्रश्न सम्मिलित होते हैं जो छात्रों की अभिज्ञान शक्ति (पहचान शक्ति) का परीक्षण करते हैं ।

I. **बहुविकल्पात्मक प्रश्न** - इन प्रश्नों में बहुत विकल्प (सामान्यतः 4 विकल्प) दिये होते हैं जिनमें से सही विकल्प को छात्र द्वारा पहचानना होता है । वर्तमान में सर्वाधिक प्रयुक्त , वैध व विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली मानी जाती है ।

II. **सत्य - असत्य रूप प्रश्न** (एकान्तर अनुक्रिया रूप प्रश्न) - इन प्रश्नों में कुछ कथन दिये होते हैं जिनमें छात्रों को सही कथन के आगे (✓) का निशान तथा गलत कथन के आगे (x) निशान लगाना होता है ।

III. **मिलान पद प्रश्न (समानता पद)** - इसमें प्रश्नों को दो स्तभों में अव्यवस्थित रूप से लिखा जाता है । छात्र सही पदों को मिलाता है ।

लिखित परीक्षा

➢ वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों / परीक्षाओं के गुण : -

1 . विश्वसनीयता
2 . पूर्वाग्रहों से मुक्ति
3 . वस्तुनिष्ठता
4 . विभेदनशीलता
5 . अंकन में शीघ्रता
6 . परीक्षण में कम समय
7. इस प्रकार के परीक्षणों को बनाने एवं व्यवहार में लाने में व्यापकता पायी जाती हैं ।

➢ वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के दोष :

1 . इस प्रकार के प्रशिक्षण के निर्माण हेतु विशेष प्रकार के प्रशिक्षण की आवश्यकता होती हैं ।
2. अनुमान आधारित उत्तर ।
3 . अधिक लागत ।
4 . लिखित अभिव्यक्ति का ह्रास ।
5 . सृजनात्मक चिन्तन , विचार , दृष्टिकोण एवं भाषायी कौशल का परीक्षण करना संभव नहीं ।

Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

लिखित परीक्षा

1) वस्तुनिष्ठ

Sky Educare

2. प्रत्यास्मरणात्मक प्रश्न - इनके द्वारा छात्रों की स्मरण शक्ति का परीक्षण किया जाता है । छात्र स्मरण या धारणा के आधार पर उत्तर देता है या अपूर्ण कथन को पूर्ण करता है ।

i. **(क) रिक्त स्थान पूर्ति प्रश्न** - इनमें छात्र दिए गए कथन के रिक्त स्थान को उचित शब्द द्वारा पूर्ण करता है ।

ii. **(ख) सरल प्रत्यास्मरण प्रश्न** - लघ प्रश्न जिसका उत्तर भी संक्षिप्त ही होता है । जैसे- विलोम शब्द लिखिए ।

2. निबंधात्मक परीक्षा

लिखित परीक्षा

Sky Educare

- **निबन्धात्मक परीक्षा/वर्णनात्मक** परीक्षा प्राचीन व परम्परागत परीक्षा प्रणाली है जिसमें प्रश्नों के उत्तर निबंध रूप में दिये जाते हैं ।
- इसका **प्रमुख उद्देश्य** छात्रों के भाषा कौशलों , भाषा शैली , मानसिक या बौद्धिक तर्क चिन्तन व कल्पना शक्ति , भाषायी ज्ञान , लेखन कौशल तथा अभिव्यक्ति कौशल का परीक्षण करना है । यह अधिक वैध व विश्वसनीय नहीं है क्योंकि इसमें जाँचकर्ता के स्वभाव व दृष्टिकोण की प्रधानता होती है ।
- प्रश्नों के उत्तर असीमित , अनिश्चित व वर्णनात्मक होते हैं जिनका मूल्यांकन कठिन व अलग अलग रहता है ।

  - **निबन्धात्मक परीक्षा में प्रश्न प्रकार -**
  - **अतिलघूत्तरात्मक - एक पंक्ति या 2 , 3 शब्दों में उत्तर**
  - **लघूत्तरात्मक - निर्धारित पंक्ति या शब्दों में उत्तर**
  - **निबन्धात्मक - वर्णनात्मक उत्तर विस्तृत उत्तर**

Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

➢ निबन्धात्मक परीक्षणों के गुण -

1. सृजनात्मक चिन्तन, कल्पनाशक्ति, निर्णय शक्ति, स्मरण शक्ति का पता लगाने में सहायक।
2. व्यक्तिगत विचारों का पता लगाने में सहायक।
3. परीक्षण को बनाने में सरलता व कम लागत।
4. अध्यापकों हेतु सामान्य प्रशिक्षण की आवश्यकता।
5. विद्यार्थियों को स्वतंत्र एवं संगठित रूप से विचारों को अभिव्यक्त करने के अवसर

➢ निबन्धात्मक परीक्षा के दोष -

1. विश्वसनीयता का अभाव -
2. अंकन में समय अधिक लगता है
3. वैधता का अभाव
4. व्यापकता का अभाव। अर्थात् इस प्रकार के परीक्षणों में सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को सम्मिलित नहीं किया जा सकता।
5. रटन्त प्रवृत्ति को बल व्यक्तिनिष्ठता (परीक्षण पर प्रश्न का निर्माता के व्यक्तित्व, विचारधारा का प्रभाव)

➢ 3. प्रायोगिक परीक्षा / क्रियात्मक परीक्षा -

इन परीक्षाओं का प्रयोग छात्रों की दक्षता या कौशल परीक्षण में किया जाता है। इनमें छात्रों को कछ कार्य करने के लिए दिये जाते हैं। इन परीक्षाओं में भी विश्वसनीयता का अभाव रहता है क्योंकि शिक्षकों द्वारा भेदभाव की संभावना रहती है।

गुणात्मक प्रविधियाँ

- *गुणात्मक परीक्षाएं आंतरिक मूल्यांकन हेतु काम में ली जाती हैं।*

1. जाँच की सूची और स्तर माप
2. अवलोकन या निरीक्षण
3. घटनावृत्त
4. साक्षात्कार

Sky Educare

- ***जाँच सूची और स्तर माप :-***
  - *जाँच सूची का उपयोग छात्र के प्रयोगात्मक ज्ञान, अभिवृत्तियों, रुचियों, अवधारणाओं और मूल्यों आदि के सम्बन्ध में उपलब्धियों का पता लगाने के उद्देश्य से किया जाता है। जबकि स्तर माप के माध्यम से यह जाना जाता है कि किसी छात्र के कुछ विशिष्ट गुणों ने अन्य छात्र एवं शिक्षकों पर क्या प्रभाव डाला है।*

- ***अवलोकन या निरीक्षण :-***
  - *किसी व्यक्ति या समूह के व्यवहार को कुछ निश्चित समय के लिए देखना और उसके व्यवहार के कुछ बिंदुओं को दर्ज करना अवलोकन है। अवलोकन को सही तरीके से दर्ज करने के लिए अवलोकनकर्ता, चैकलिस्ट, अवलोकन चार्ट, मापनी परीक्षण आदि उपकरणों का प्रयोग करता है।*

अधिक उन्नत एवं समर्पित कोर्स के लिए – Download Mobile App Download

Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

Sky Educare

- **घटनावृत्त :-**
    - घटनावृत्त शिक्षार्थियों के जीवन की सार्थक घटना का विवरण या कोई ऐसी घटना जो अवलोकन करने वाले की दृष्टि में शिक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण हो या शिक्षक के द्वारा अनुभव किया गया विभिन्न परिस्थितियों में शिक्षार्थियों का वास्तविक व्यवहार हो सकता है।

- **साक्षात्कार :-**
    - साक्षात्कार विभिन्न प्रकार की परिस्थितियों में व्यक्तियों से सूचना संकलन का सर्वाधिक प्रचलित साधन है। साक्षात्कार में व्यक्तियों को आमने-सामने बैठाकर विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं। उनके आधार पर उनकी योग्यताओं का मूल्यांकन किया जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि का मापन करने के लिए किए जाने वाले साक्षात्कार को मौखिकी के नाम से जाना जाता है।

सतत् एवं व्यापक मूल्याङ्कन

परिचय:

- सतत और व्यापक मूल्यांकन (सी.सी.ई) वर्ष 2009 में भारत के शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अनिवार्य मूल्यांकन प्रक्रिया है। मूल्यांकन का यह दृष्टिकोण भारत में छठी से दसवीं कक्षा और कुछ विद्यालयों में बारहवीं के छात्रों के लिए राज्य सरकारों के साथ-साथ केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा पेश किया गया था।

Sky Educare

अभिप्राय -

- सतत और व्यापक मूल्यांकन (सी.सी.ई) Continuous and comprehensive evaluation छात्रों के विद्यालय-आधारित मूल्यांकन की एक प्रणाली है जिसमें छात्रों के विकास के सभी पहलू शामिल हैं। यह मूल्यांकन की एक उन्नतशील प्रक्रिया है जो दोहरे उद्देश्यों पर बल देती है।

- यहां सतत और व्यापक से तात्पर्य विद्यार्थी की शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों का निरंतर अथवा नियमित रूप से मूल्यांकन से है। अर्थात **विद्यालय आधारित एक ऐसी मूल्यांकन विधि है जो विद्यार्थियों के विकास के सभी पक्षों से संबंधित है तथा निरंतर प्रक्रिया है।** इस हेतु विभिन्न पर विधियों की सहायता अध्यापक लेता है।

सतत और व्यापक मूल्यांकन के लक्ष्य:

- सी.सी.ई का मुख्य उद्देश्य बच्चे की विद्यालय में उपस्थिति के दौरान उसके हर पहलू का मूल्यांकन करना है।
- सी.सी.ई का उद्देश्य बच्चों के तनाव को कम करना है।
- मूल्यांकन को व्यापक और नियमित बनाना।
- रचनात्मक शिक्षण के लिए शिक्षक को स्थान प्रदान करना।
- निदान और उपचार के साधन प्रदान करना।
- बृहद् कौशल वाले शिक्षार्थियों का निर्माण करना।

सतत और व्यापक मूल्यांकन के उद्देश्य:

- **विद्यार्थियों का कार्यभार कम करना तथा उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्त करना।**
- बालकों का सर्वांगीण विकास मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों के अनुसार करना।
- छात्रों को अधिक से अधिक सह शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना।
- अधिगम के दौरान आने वाली समस्याओं के निदान हेतु उपचारात्मक शिक्षण।
- आत्म-मूल्यांकन के लिए शिक्षार्थियों को अवसर प्रदान करना।
- निदान और उपचार के माध्यम से छात्र की उपलब्धि में सुधार के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया का उपयोग करना।

सतत और व्यापक मूल्यांकन की विशेषताएं:

- सी.सी.ई का **'सतत'** पहलू मूल्यांकन के **'निरंतर'** और **'आवधिक'** पहलू का ध्यान रखता है।
- सी.सी.ई का **'व्यापक'** घटक बच्चे के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के मूल्यांकन का ध्यान रखता है।
- इसमें विद्यार्थी के विकास के **शैक्षिक के साथ-साथ सह-शैक्षिक** पहलुओं का मूल्यांकन शामिल है।
- शैक्षिक पहलुओं में पाठ्यक्रम संबंधी क्षेत्र या विषय विशिष्ट क्षेत्र शामिल हैं, जबकि सह-शैक्षिक पहलुओं में जीवन कौशल, सह-पाठ्यक्रम संबंधी गतिविधियां, दृष्टिकोण और मान्यताएं शामिल हैं।
- सह-शैक्षिक क्षेत्रों में मूल्यांकन पहचान मानदंडों के आधार पर कई **तकनीकों का उपयोग** करके किया जाता है, जबकि जीवन कौशल में आकलन और परीक्षण सूची के संकेतकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है।

सतत और व्यापक मूल्यांकन के कार्य:

- सी.सी.ई शिक्षक को **प्रभावी शिक्षण** की रणनीतियों को व्यवस्थित करने में सहायता करता है।
- सतत मूल्यांकन कमजोरियों का **निदान करने में सहायता** करता है और शिक्षक को कुछ व्यक्तिगत शिक्षार्थियों की जांच की अनुमति देता है।
- सतत मूल्यांकन के माध्यम से छात्र अपनी शक्तियों और कमजोरियों को जान सकते हैं।
- सी.सी.ई दृष्टिकोण और मान्यता प्रणाली में **परिवर्तन की पहचान** करने में मदद करता है।
- सी.सी.ई छात्रों की शैक्षिक और सह-शैक्षिक क्षेत्रों में प्रगति पर **जानकारी प्रदान** करता है जिसके परिणामस्वरूप शिक्षार्थियों की **भविष्य की सफलता का पूर्वानुमान** होता है।

सतत मूल्यांकन की विधियां

- सत्र परीक्षा
- इकाईपरीक्षा
- मासिक परीक्षाएं
- सेमेस्टर पद्धति

सतत मूल्यांकन के क्षेत्र

- छात्र की अभिरुचि
- छात्र की सृजनात्मकता
- ज्ञान
- परिवारिक रुचियां
- बोध
- वैयक्तिक रुचियां
- शारीरिक स्थिति तथा स्वास्थ्य
- अनुप्रयोग
- विद्यार्थी की शैक्षिक उपलब्धि
- विद्यार्थी की त्रुटियां

अधिक उन्नत एवं समर्पित कोर्स के लिए – Download Mobile App Download
Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

व्यापक मूल्यांकन के विभिन्न पक्ष

- **संज्ञानात्मक पक्ष** – संज्ञानात्मक पक्ष के अंतर्गत बालक के अंदर निहित ज्ञान ,स्मरण ,पुनः स्मरण आदि चीजें सम्मिलित होती हैं। जिनका मूल्यांकन किया जाता है।
- **भावनात्मक पक्ष** – इसके अंतर्गत बालक के भाव पक्ष, दया करुणा सत्य निष्ठा आदि का मूल्यांकन किया जाता है।
- **कौशलात्मक पक्ष** – इसमें निहित कार्यकुशलता कार्य करने की क्षमता आदि का मूल्यांकन किया जाता है।

उपचारात्मक शिक्षण का अर्थ –

*शिक्षा जगत में **उपचारात्मक शब्द** चिकित्सा शास्त्र से लिया गया है, जिस प्रकार एक डॉक्टर विभिन्न परीक्षणों के द्वारा रोगी के रोग का कारण का पता लगाकर उसकी उचित चिकित्सा करता है। ठीक उसी प्रकार **एक कुशल शिक्षक विभिन्न शिक्षण विधियों तथा प्रविधि, परीक्षणों, निरीक्षण वा वार्तालाप के आधार पर शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े व कमजोर बच्चों की कठिनाइयों का पता लगाकर उसको उपचारात्मक शिक्षण के द्वारा कठिनाइयों को दूर करके विद्यार्थियों के सीखने की क्षमता में वृद्धि करता है सामान्य बालकों की श्रेणी में लाने का प्रयास करता है ।***

उपचारात्मक शिक्षण की परिभाषा

- **योकम व सिम्पसन अनुसार उपचारात्मक शिक्षण की परिभाषा**

“उपचारात्मक शिक्षण उस विधि को खोजने का प्रयत्न करता है, जो छात्र को अपनी कुशलता या विचार की त्रुटियों को दूर करने में सफलता प्रदान करें।”

- *पहले प्रत्येक छात्र को समान समझ कर छात्रों की प्रगति पर ध्यान दिए बिना शिक्षा दी जाती थी। जिससे कुछ विद्यार्थी प्रगति कर लेते थे और कुछ पिछड़ जाते थे। इन पिछड़े विद्यार्थियों की उपेक्षा की जाती थी। मनोविज्ञान के अनुसार सभी विद्यार्थियों के सीखने और समझने की शक्ति एक समान नहीं होती। नवीन शिक्षा पद्धति में इन विद्यार्थियों के सीखने में होने वाली कठिनाईयों का पता लगाने की प्रक्रिया **‘निदानात्मक’** शिक्षण के नाम से जानी जाती है। इन कठिनाइयों को दूर करने के लिए किया जाने वाला शिक्षण ‘**उपचारात्मक शिक्षण**’ है।*

Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

उपचारात्मक शिक्षण तथा इसका महत्व

- निदानात्मक शिक्षण द्वारा विद्यार्थियों को सीखने में आने वाली कठिनाइयों का पता चल जाता है।
- उपचारात्मक शिक्षण के द्वारा उन कठिनाईयों को दूर करके विद्यार्थी के व्यक्तिगत विकास को बल दिया जाता है।
- छात्रों की हीन भावना दूर करने में उपचारात्मक शिक्षण महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- 'उपचारात्मक शिक्षण' शिक्षण को प्रभावशाली बनाने में सहायक होता है।
- उपचारात्मक शिक्षण अच्छे शिक्षण का एक महत्त्वपूर्ण अंग है।

उपचारात्मक शिक्षण के उद्देश्य

- छात्रों की अधिगम सम्बन्धी त्रुटियों को दूर करना।
- छात्रों की ज्ञान सम्बन्धी त्रुटियों को दूर करके , उनको आने वाले समय मे होने वाले दोषो से मुक्त करना।
- छात्रों के दोषपूर्ण आदतों,मनोवृत्तियों को समाप्त करके उनकी अच्छी आदतों को सीखना।
- छात्रों को उन अच्छी आदतों को सीखना जो आज तक सीखी नही गयी है।
- उत्तम भाषा प्रयोग की क्षमता प्रदान करना।
- समय एवं शक्ति का संरक्षण।
- मंदबुद्धि बालकों में आत्मविश्वास बढ़ाना।
- संस्कृत भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न करना व्यक्तिगत भिन्नता के आधार पर पाठन।

उपचारात्म विधियाँ / उपाय

1 . छात्रों की त्रुटियों को यदा - कदा सही करना।
2 . छात्र के अधिगम संबंधी दोषों का व्यक्तिगत रूप से अध्ययन कर, उनको दूर करने का उपाय बताना।
3 . व्यक्तिगत विभिन्नताओं के आधार पर समूह में विभाजित कर शिक्षण की व्यवस्था करना।
4 . आवश्यकतानुसार शिक्षा देना।
5 . अधिगम संबंधी दोष, कमजोरियों और बुरी आदतों का निदान करना।

उपचारात्मक शिक्षण के क्षेत्र

Sky Educare

1 . वाचन या पाठन
2 . लेखन
3 . उच्चारण
4 . भाषा या व्याकरण
5 . अङ्कगणित

Click to Join → स्काई एज्युकेयर YouTube चैनल (Sky Educare)

उपचारात्मक शिक्षण की प्रक्रिया

1 . प्रत्येक छात्र के स्तर के अनुसार उपचारात्मक शिक्षण करना चाहिए।

2 . प्रत्येक सप्ताह छात्र की प्रगति की जाँच होनी चाहिए।

3 . छात्र में यदि दोष दिखाई दे तो उन्हें प्रदर्शित नहीं करना चाहिए , क्योंकि इससे हीन भावना जागृत होती है। उसकी हीनभावना का प्रभाव उसके अधिगम पर पड़ेगा।

उपचारात्मक शिक्षण निर्माण प्रक्रिया

1 . निदानात्मक परीक्षणों में छात्रों के द्वारा की गई त्रुटियों का विश्लेषण अवश्य करना चाहिए।

2 . त्रुटियों के आधार पर अलग - अलग अभ्यासों का निर्माण करना | चाहिए।

3 . विशेष सामग्री के आधार पर त्रुटियों के प्रकार एवं उनके कारण जानने चाहिए।

4 . अध्ययन के अनुसार ही अभ्यास - माला का निर्माण होना चाहिए।

5 . एक ही प्रकार की त्रुटि के लिए विभिन्न प्रकार के अभ्यास प्रश्न होने चाहिए।

❑ Video निम्नलिखित किसी भी टॉपिक को क्लिक करें और सीधे उसी टॉपिक Video पर पहुंचे ।

✓संपूर्ण "संस्कृत शिक्षण विधियाँ PDF के लिए क्लिक करें -

❑ निचे दी गयी किसी भी विधि का वीडियो प्राप्त करने के लिए यहीं पर निचे उस विधि के नाम पर क्लिक करें -

✓संपूर्ण "संस्कृत शिक्षण विधियाँ PDF के लिए क्लिक करें -